कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.01.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक प्रतियोगितायें प्रारंभ

पूजा थाली एवं मेंहदी में छात्राओं ने दिखायी अपनी प्रतिभा

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत पूजा थाली सजाव, मेंहदी एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

छात्रसंघ प्रभारी डॉ. अनुजा चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया। पूजा थाली सजाव प्रतियोगिता में छात्राओं ने पूजा में उपयोग आने वाली सामग्रियों के साथ आकेंक थाली सजायी थी। इस प्रतियोगिता में कु. मनीषा धृतलहरे प्रथम स्थान पर रहीं जबकि कु. उमा साहू एवं प्रज्ञा वैषणव क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। कु. पुनीता कोर्राम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

इसी प्रकार मेंहदी प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और आकर्षक ढंग से मेंहदी लगाने की कला का प्रदर्शन किया। जिसमें कु. हेमपुषपा दुबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कु. आलिशा नूर एवं श्रेयांशी जैन ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

साहित्यिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें कु. आर्या अवस्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पूजा चेलक द्वितीय तथा फल्लवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)